Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Natinal Tribal Museum at Banswara in Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं राजस्थान प्रदेश के बांसवाड़ा में स्थित मानगढ़ धाम के बारे में बताना चाहता हूं। बांसवाड़ा मानगढ़ धाम राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित है। वहां वर्ष 1913 में गुरू गोविन्द के नेतृत्व में लगभग 1500 आदिवासी शहीद हुए थे। उस स्थान को राष्ट्रीय गौरव का दर्जा दिया जाए। राजस्थान सरकार ने लगभग दस करोड़ रुपये खर्च करके वहां शहीद स्मारक बनाई है। गुजरात सरकार ने भी वहां पैसा लगा कर विकास का कार्य कराया है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय दर्जा दिया जाए, यही मेरी मांग है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुमेधानन्द सरस्वती और

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।